<u>**विश्वविद्यालय संग्रहालय एवं प्रदर्शनी का अवलोकन**</u>

पंतनगर। 26 जून, 2026। कार्यशाला के उद्घाटन के प्रारम्भ में भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास श्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखण्ड के माननीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, माननीय सांसद श्री अजय भट्ट, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप विश्वविद्यालय सेंटर स्थित संग्रहालय एवं प्रदर्शनी का अवलोकन कराया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक उपलब्धियों, अनुसंधान कार्यों, नवीन कृषि तकनीकों तथा विभिन्न विभागों द्वारा विकसित नवाचारों की जानकारी प्राप्त की और उनके प्रति सराहना व्यक्त की।

